POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 23.09.2025

1. थाना साइबर क्राइम नोएडा द्वारा वादी को अनजान लिंक भेज कर मोबाइल फोन व बैंक खाते का अनाधिकृत एक्सिस प्राप्त कर बैंक खाते से 44,04,693 रुपये विभिन्न खातो में ट्रान्सफर कर धोखाधडी/ ठगी करने वाले 01 साइबर अपराधी गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **23-09-2025** को **थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस** द्वारा संकलित सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए वादी मुकदमा का मोबाइल फोन हैक कर, नेट बैकिंग **ki** जानकारी प्राप्त कर 44,04,693 रुपए की धोखाधड़ी/ ठगी करने वाले 01 शातिर साइबर अपराधी को बरेली(उ0प्र0) से किया **गिरफ्तार**।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 28-08-2025 को सेक्टर-141 नोएडा निवासी वादी मुकदमा ने थाना साइबर क्राइम आकर सूचना दी कि उसके द्वारा फ्लिप कार्ट से सर्विस प्राप्त करने के लिये गूगल **browser** से फ्लिप कार्ट का कस्टमर सर्विस नम्बर प्राप्त कर कॉल किया गया तो कॉलर ने अनजान लिंक (एपीके फाइल) भेजकर वादी के मोबाइल फोन व बैंक खाते का अनाधिकृत एक्सिस प्राप्त कर उसके बैंक खाते से विभिन्न खातों में 44,04,693 रुपये ट्रान्सफर कर साइबर धोखाधडी की गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0सं0 92/2025 धारा 318(4) बीएनस व 66, 66 सी आई0टी0एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया एवं विवेचना के क्रम में बैंक खातों को तत्काल फ्रीज करवाया गया। अभियुक्त द्वारा खुलवाये गये बैंक खाते को **NCRP PORTAL** पर चेक करने पर कुल 09 शिकायते विभिन्न राज्यो में दर्ज हैं।

पूछताछ का विवरण--

अभियुक्त मोहम्मद आकिल द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उसके द्वारा **apna** बैंक **khata** खुलवाकर चेकबुक व ए0टी0एम0 कार्ड अपने 01 साथी को दे दिया गया था। जिसके बदले में उक्त खाते में आने वाली धोखाधड़ी की धनराशि का 10 प्रतिशत कमीशन अभियुक्त मोहम्मद आकिल को मिलता था। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में यह भी बताया गया कि उसके द्वारा अपने बैंक खाते किराये पर अपने अन्य साथियो को भी दिये जाते थे। घटना में प्रयुक्त बैंक खाते के विरूद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर विभिन्न राज्यो से 09 शिकायते दर्ज है। अभियुक्त मोहम्मद आकिल के बैंक खाते में घटना से सम्बन्धित 97,173 रूपये आये हैं। अन्य अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

अभियुक्त का विवरण--

मोहम्मद आकिल पुत्र आविर हुसैन निवासी चौधरी इज्जत नगर बरेली उत्तर प्रदेश

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0-92/2025 धारा 318(4), 61(2) बीएनस व 66, 66 सी आई0टी0एक्ट , थाना साइबर क्राइम , कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

नोट-- साइबर जागरूकता सुझाव

1- साइबर से सम्बन्धित किसी समस्या के लिये साइबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930 अथवा साइबर क्राइम की वेबसाइट **www.cybercrime.gov.in** पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

2- क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड व आधार कार्ड अपडेट करने के लिये बैंक **dwara** कोई लिंक नहीं भेजा जाता है।

3- किसी भी अनजान लिकं पर क्लिक नही करे।

4. किसी के प्रलोभन में आकर अपना बैंक अकाउंट , पिन नंबर , एटीएम कार्ड आदि किसी को प्रदान ना करें।